शब्दसंसार

# अर्थ एक शब्द अनेक




HLP Project S&T Mission Mode Government Of India
Department of Speech-Language Pathology
AYJNIHH, Bandra MUMBAI 400 050.

# ACKNOWLEDGMENT

A systematic training material easily accessible to teachers and parents of the language disordered children, a cherished distant dream has become a reality. Thanks to Science and Technology Mission Mode, Govt. of India for helping us realize this, by providing financial assistance. Their regular review and suggestions enabled us critically evaluate the material.

We are indebted to Shri Rangasayee, Director, A.Y.J.N.I.H.H. for motivating us to take up this comprehensive project and providing continuous support and guidance at every stage of the project.

Such extensive material needed critical evaluation for which we are grateful to Dr. Vijayalakshmi Basavraj, Dy. Director (Tech.), A.Y.J.N.I.H.H. who gave invaluable suggestions and support.

We highly appreciate and thank Dr. Geetha Mukundan, Reader & Head, Department of Speech-Language Pathology, A.Y.J.N.I.H.H. for providing departmental facilities and steady support throughout the project. Our special thanks to Mrs. Varsha Gathoo, Reader and Head, Department of Education, A.Y.J.N.I.H.H., for the feedback and suggestions which helped us to improve upon our earlier drafts.

We thank Dr. Sureshkumar, Ex-Director of Kendriya Hindi Sansthan, Agra and Dr. Medha Karbhari - Adhyaru for their guidance in finalizing the list of vocabulary of the books.

We appreciate the co-operative and unconditional support provided by the respective Principals and Teachers of the following Special Schools for The Hearing Impaired in Delhi and Mumbai, who in spite of their busy schedule dedicated their valuable time for field testing the material without which the material would not have taken this shape.

Asha Special School, New Delhi, Association of Welfare of Handicap, Faridabad, New Delhi, Awaz Special School for Deaf, New Delhi, Koshish School for Deaf, Malad, Mumbai, M.P.K. Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Harayana, Pragati School for Deaf, Dadar, Mumbai, Premalabai Chavan School for Deaf, New Delhi, Rochiram Thandhani School for Hearing Handicapped, Chembur, Mumbai, Shivaji Park School for the Deaf, Mahim, Mumbai, Shruti School for Deaf, Juhu, Mumbai, Utkarsha School for the Deaf, Vile Parle, Mumbai, Welfare Center for Impaired, Sonepat, New Delhi, Welfare Centre for Hearing and Speech Handicapped, Gurgaon, New Delhi.

The parents of children with hearing impairment provided us with positive feedback on this material and stressed the utility and need for such material. We are highly indebted to them. A heart felt thanks to them.

Development of the books would have been incomplete without the support of the proofreaders. We take this opportunity to thank Mrs. Namrata Pawar, Hindi Section, A.Y.J.N.I.H.H. and Mr. Chandravir Banshidhar Yadav for proof reading the material.

We acknowledge Prof. J.C. Sharma for helping us with statistical analysis.

We are grateful to Mrs. Meenal Umrao and Mrs. Nayna Shinde for their umatched consistent and robust hardwork and sometimes working during odd hours to catch up with the project work.

The prompt support always provided by Mr. Nitin Warekar, Hardware Engineer, Establishment, Accounts and Hindi Section is greatly valued.

Usha Dalvi
Principal Investigator

Sadhana Relekar
Co Investigator

# PROJECT DETAILS

*Funded by* : *S & T mission mode, Government of India.*

*Conducted by* : *Department of Speech-Language Pathology, Ali Yavar Jung National Institute for the Hearing Handicapped, Ministry of Social Justice and Empowerment, Government of India, Bandra,, Mumbai - 50.*

*Project Group:*

- *Principal Investigator* : *Mrs. Usha Dalvi (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*
- *Co-Investigator* : *Ms. Sadhana Relekar (Lecturer, A.Y.J.N.I.H.H.)*

*Research Team:*

- *Linguist* : *Dr. Rita Mathur*
- *Special Educator* : *Mrs. Bindiya Kamble*
- *Special Educator* : *Mrs. Sneha Tambe*

*Illustrations:*

- *Commercial Artist* : *Ms. Leena Teli*
  *Ms. Varuna Naik*

*Layout and Visualization* : *Sun Graphics*

*Copy right:*

*All rights reserved. No part of this book may be reproduced stored in retrieval system, or transmitted in any means, electronic mechanical, photocopying, recorded or otherwise, without written permission of ....................................*

## दो शब्द शिक्षकों एवम् अभिभावकों से

श्रवण बाधित बच्चों में भाषा ज्ञान के संवर्धन और परिवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जाते रहे हैं। परंतु इन प्रयासों की जानकारी केवल कुछ ही लोगों को है जो इस समस्या के प्रति जागरूक हैं। यह भी देखने में आया है कि श्रवण बाधित बच्चों में बोलने की क्षमता व भाषिक विकास के लिए आवश्यक सामग्री का भी अभाव है। ये बच्चे संपूर्ण रूप से स्वस्थ एवं मानसिक रूप से सामान्य होते हैं, परंतु केवल श्रवण विकलांगता के कारण भाषिक ज्ञान से वंचित रह जाते हैं। इस कमी को पूरा करने के लिये ही यह पुस्तक मालिका प्रस्तुत की जा रही है। इस पुस्तक मालिका में क्रमिक रूप से भाषा के जटिल रूपों को सरल चित्रों व सरल लेखन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह पुस्तक मालिका तीन वर्गों में विभाजित है। प्रथम - वर्ण संसार, द्वितीय - शब्द संसार तथा तृतीय - वाक्य संसार। जैसा कि नाम से विदित है, यह पुस्तकमालिका क्रमश: वर्णमाला, शब्द संरचना और वाक्य विन्यास का ज्ञान कराती है। भाषा का ज्ञान कराने वाली पुस्तकें बहुत सी हैं जो हिंदी की सभी व्याकरणिक कोटियों का ज्ञान कराती हैं, किंतु सभी पुस्तकें पाठ्यक्रम के अनुसार निर्मित हैं और सामान्य विद्यार्थी के लिए लाभप्रद भी है, पर ये श्रवण बाधित बच्चे अपनी विशिष्ट आवश्यकताओं के कारण उन पुस्तकों का लाभ नहीं उठा पाते। श्रवण विकलांगता के कारण वे प्राय: भाषा सीखने और उसके बहुत से प्रयोगों, उदाहरण स्वरूप भाषा के अलंकारिक प्रयोग से अनभिज्ञ रह जाते हैं। अत: इन बच्चों की शब्द आधारित भाषा सीखने की असमर्थता को ध्यान में रखते हुए ही इस पुस्तक मालिका की रचना की गई है।

'वर्ण संसार' की पुस्तिकाएँ वर्णों के आकार और रूप का ज्ञान कराती हैं। 'शब्द संसार' की पुस्तिकाएँ शब्दों के विभिन्न प्रयोगों और उनके व्यापक अर्थ का परिवर्धन कराती हैं तथा 'वाक्य संसार' की पुस्तिकाएँ विभिन्न वाक्यों की संरचना एवं हिंदी व्याकरण की जटिलताओं को सरल रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास करती हैं। इस पुस्तक मालिका से दो वर्ष से आठ वर्ष के आयु वर्ग के श्रवण बाधित बच्चों में भाषा विकास संपूर्ण रूपसे हो जाएगा, यह समझना सही नहीं होगा। परंतु इस पुस्तक मालिका का प्रयोग इन बच्चों के अध्यापकों, अभिभावकों एवं अन्य वे सभी जो भाषा अल्पता एवं शुद्धता की समस्या को सुलझाना चाहते हैं, उनका पथ एवं दिशा निश्चित करने में सहायक होगी। साथ ही यह पुस्तकमालिका सभी बच्चों में भाषा अर्जन, बोलना, वाचन और लेखन क्षमताओं का विकास करने में भी सहायक सिद्ध होगी। कृपया इस विषय में अपने अनुभव हमें अवश्य बताएँ। इस पुस्तक मालिका की सहायक सामग्री के रूप में और अधिक परिवर्धित एवं उपयोगी करने की दिशा में आपके सुझाव आमंत्रित हैं।

धन्यवाद ...

# अर्थ एक शब्द अनेक

"अर्थ एक शब्द अनेक" पुस्तिका पर्यायवाची ऐसे शब्दों को प्रस्तुत करती हैं, जो एक अर्थ से संबध रखते हैं। समान अर्थ को चित्रों और उदाहरणों के माध्यम से व्यक्त करने का प्रयास किया गया है। शब्दों को विभिन्न अर्थ के संदर्भों में कैसे प्रयोग किया जाए यह भी सिखाने का प्रयास किया है। आशा है श्रवण बाधित बच्चे ये शब्द सीखते-सीखते इसका आनंद भी लेंगे और साथ साथ शब्द भंडार बढ़ने में मदद मिलेगी।

इस पुस्तिका में हम पर्यायवाची एवं समान अर्थ के शब्दों के बारे में सहुखेंगे। पर्यायवाची शब्द, ये वे शब्द होते हैं, जिनका अर्थ एक जैसा होता है। पर्यायवाची शब्दों के अर्थ में सूक्ष्म भेद होता है। इसलिए उनका प्रयोग करते समय ध्यान रखना चाहिए।

## अर्थ एक शब्द अनेक


### पाठ्यसूची


| क्र. | पाठ | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|
| 1. | फूल | 1 |
| 2. | हवा | 4 |
| 3. | पानी | 7 |
| 4. | बारिश | 10 |
| 5. | पर्वत | 13 |
| | पुनरावलोकन | 16 |
| 6. | माँ | 18 |
| 7. | पुरुष | 21 |
| 8. | स्त्री | 23 |
| 9. | सहेली | 27 |
| 10. | मित्र | 29 |
| | पुनरावलोकन | 32 |
| 11. | घर | 34 |
| 12. | बाग | 37 |
| 13. | राजा | 40 |
| 14. | शिक्षक | 43 |
| 15. | नमस्कार | 46 |
| | पुनरावलोकन | 49 |
| 16. | आसमान | 51 |
| 17. | धरती | 54 |
| 18. | रात | 56 |
| 19. | चाँद | 59 |
| 20. | सुबह | 62 |
| | पुनरावलोकन | 65 |
| 21. | पंछी | 67 |
| 22. | शरीर | 70 |
| 23. | सिर | 73 |
| 24. | ओठ | 76 |
| 25. | आँख | 79 |
| | पुनरावलोकन | 82 |

# पाठ 1 फूल

फूल

पुष्प,



कुसुम

सुमन

फूल बगीचे में खिलते है, वे रंगबिरंगे होते हैं। उनमें खुशबू होती है। हम फूलों का हार, गजरा बनाते हैं। त्योहारों में घर, पाठशाला और दफ्तरों को सजाते हैं। गुलाब, मोगरा, जाई, जुई, गुड़हल ये सारे अलग-अलग फूलों के नाम हैं। फूलों की खेती भी होती है।

सुमन और कुसुम लड़कियों के नाम भी होते हैं। **पुष्प, सुमन, कुसुम** ये सब फूलों के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "फूल" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे : मैंने पुष्प का हार खरीदा।**

1) बगीचे में बहुत से पीले सुमन थे।

2) मीना के जन्मदिन पर पुष्प गुच्छ दिया।

3) गांधीजी की समाधि पर कुसुम ने सुमन डाले।

4) दीपक ने भगवान की मूर्ति पर पुष्प हार चढ़ाया।

5) कुसुम वाटिका में बच्चे खेल रहे थे।

6) पुष्पा ने कुसुम को सुमन दिए।

II) **निम्नलिखित तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| गुलाब एक | फूल<br>पुष्प<br>सुमन<br>कुसुम | है। |


जैसे : गुलाब एक सुमन है।

______________________________________

______________________________________

______________________________________

III) **चित्र देख कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**




1) चित्र में कितने सुमन है? चित्र में 33 सुमन है।
2) कितने पुष्प लाल रंग के हैं? __________
3) कितने फूल पीले रंग के हैं? __________
4) कितने कुसुम छोटे है? __________

IV) **प्रश्न पढ़ कर उत्तर लिखिए।**

1) तुम्हें कौन सा फूल पसंद है? __________
2) गुड़हल के पुष्प का रंग कौन सा है? __________
3) पीले रंग के कुसुम के नाम लिखो। __________
4) पाँच सुमनों के नाम लिखो। __________
5) पानी में खिलनेवाले दो पुष्पों के नाम लिखो।

V) नीचे दिए हुए शब्द से वाक्य बनाइए।



1) पुष्प ______________________

2) सुमन ______________________

3) फूल ______________________

VI) प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(1) पाँच सुगंधी सुमन के नाम लिखिए।

(2) पाती में खिलने वाले एक कुसुम का नाम लिखिए।

(3) शाम को खिलने वाले दो पुष्पों के नाम लिखिए।

(4) दो बड़े आकार के फूलों का नाम लिखिए।

# पाठ 2 हवा




"हवा" हमारे चारो ओर होती है, लेकिन दिखाई नहीं देती। अपने मुँह से गुब्बारा फुलाते वक्त हम उसमें हवा भरते हैं। हवा के बिना हम साँस नहीं ले सकते। हर मौसम में हवा बदलती है। पवनचक्की हवा से चलती है। पवन से ऊर्जा का निर्माण होता है।

**पवन, वायु, अनिल, समीर** ये सब हवा के पर्यायवाची शब्द है। अनिल, समीर यह अधिकतर लड़कों के नाम होते है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से 'हवा' शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।**

**जैसे - ठण्डी (वायु) चलने पर ठण्ड लगती है।**

1) हमें साँस लेने केलिये वायु की जरूरत होती है।

2) आँधी में पवन जोर से चलता है।

3) पंखे की पवन बहुत तेज थी।

4) झील के किनारे ठंडा समीर बहता है।

5) गर्मी के मौसम में गर्म पवन होता है।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| पर्वत के ऊपर तेज | हवा<br>समीर<br>पवन<br>वायु | बहती है।<br>बहता है। |

जैसे : पर्वत के ऊपर तेज हवा बहती है।

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**III) प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) भरे हुए गुब्बारे में क्या होती है ? ______________________________

2) सर्दी के मौसम में ठंडा पवन होता है।
सर्दी के मौसम में कैसी हवा होती है ? ______________________________

3) राजू के दोस्तों का नाम समीर और अनिल है।
समीर और अनिल नाम का अर्थ ____________________ है।

4) पहाड़ी जगहों पर ठंडा पवन होता है।
पहाड़ियों पर कैसी वायु होती है ? ______________________________

5) पंखे से कैसी वायु चलती है ? ______________________________

IV) तालिका में "हवा" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| ह | वा | ख | स |
| ल | यु | ड | मी |
| अ | प | क | र |
| र | नि | व | क |
| स | ड | ल | न |

V) चित्र को देखकर पर्यायवाची शब्द का उपयोग करके वाक्य बनाइए।




1. वायु ____________________

2. हवा ____________________

3. पवन ____________________

# पाठ 3 पानी




नदी, तालाब, कुओं से हमें पानी मिलता है। सागर का पानी नमकीन होता है, इसलिए हम उसका उपयोग नहीं करते। कपड़े-बर्तन धोना, नहाना, खेती करना, खाना पकाना सबके लिए पानी की जरुरत पड़ती है।

"जल" शब्द ज्यादातर नदी के पानी के लिए प्रयोग करते है। जैसेः "गंगाजल" **जल, तोय, उदक, नीर** यह पानी शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "पानी" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूंढ़कर उसे गोल कीजिए। जैसे: मटके में नीर है।**

1) दादी माँ ने हरिद्वार से गंगाजल मगवाया।

2) नदी का उदक साफ है।

3) नल से नीर बहता है।

4) प्यास लगने पर सीमा ने उदक पिया।

5) बारिश होने पर नदी नाले से तोय बहता है।

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| नदी का | पानी<br>तोय<br>जल<br>उदक<br>नीर | ठंडा है। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

III) **प्रश्न पढ़कर सही उत्तर लिखिए।**

1) प्यास लगने पर तुम क्या पीते हो ? ______________________________

2) मटके में ठंडा जल हैं ।
मटके में कैसा पानी है ? ______________________________

3) राजू ने उदक पिया।
तोय किसने पिया ? ______________________________


4) समुद्र का पानी खारा होता है।
समुद्र का तोय कैसा होता है ? ______________________________

5) सभी सजीव को नीर की जरूरत होती है।
तोय की किसे जरूरत होती है ? ______________________________

IV) नीचे दी गई तालिका में "पानी" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पा | नी | द | फ | र |
| क | र | उ | ज | त |
| तो | स | द | ल | म |
| ह | य | क | भ | न |

V) चित्र देखिए और दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके एक-एक वाक्य लिखिए।



1) तोय : ____________________

2) नीर : ____________________

3) उदक : ____________________

# पाठ 4 बारिश

## बारिश

वर्षा



बरसात

बरखा

वर्षा ऋतु में बारिश होती है। बारिश होने पर किसान खेती के काम में लग जाते है। बच्चों को भी बारिश में भीगना अच्छा लगता है। बारिश के मौसम में नदी, तालाब पानी से भर जाते हैं। जिससे हमें पीने का पानी मिलता है। और इसके लिए बहुत बारिश होना जरूरी है। बारिश न होने से अकाल पडता है।

**बरसात, बरखा, वर्षा** "यह सब "बारिश" के पर्यायवाची शब्द है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "बारिश" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: वर्षा आने पर मोर नाचने लगे।**

1) सावन की वर्षा से चारों ओर हरियाली छायी।

2) दिन भर मूसलाधार बरखा होती रही।

3) बरसात होने पर सारे बच्चे नाचने लगे।

4) बरखा होने पर मेंढक टर्राने लगे।

5) रिमझिम वर्षा में बच्चे भीग रहे थे।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| आकाश में काले बादल छाने पर | बारिश<br>बरखा<br>वर्षा<br>बरसात | होने लगी। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**III) दिए वाक्य को पढ़कर प्रश्न का सही उत्तर लिखिए।**

1) वर्षा कौन से महीनों में होती है? ______________

2) रात भर रिमझिम बरसात होती रही।
रात भर कैसी बारिश होती रही? ______________

3) क्या तुम्हें बरखा में भीगना पसंद है? ______________

4) नीता की सहेली का नाम बरखा है।
यहाँ बरखा का मतलब ______________ है।

5) आसमान में काले बादल छाने पर वर्षा होती है।
बरसात कब होती है? ______________

6) छाता या रेनकोट का हम कब उपयोग करते हैं? ______________

**IV) तालिका में "बरसात" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| स | व | फ | म |
| ट | ल | र्षा | द |
| ब | र | सा | त |
| र | म | प | व |
| खा | बा | रि | श |

**V) चित्र देखकर दिए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।**



1) वर्षा - ________________

2) बरसात - ________________

3) बारिश - ________________

# पाठ 5 पर्वत




जमीन पर बड़े - बड़े पत्थरों से बने ऊँची चोटियों को पर्वत कहते हैं। पर्वतों पर ठंडी हवाएँ चलती है। पर्वतों पर जंगल और गुफाएँ होती है । नदी, समुद्र, पेड़ की तरह पर्वत भी निसर्ग का एक हिस्सा है।

**चट्टान, पहाड़, गिरि** ये पर्वत के पर्यायवाची शब्द है।

**1) निम्नलिखित वाक्यों में से "पर्वत" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: गाँव में ऊँचे ऊँचे पहाड़ है।**

1) हिमालय एक बड़ा गिरि है।

2) बड़े-बड़े पहाड़ों पर चढ़ना श्रीकांत को अच्छा लगता है।

3) महाबलेश्वर के आसपास ऊँची चट्टाने हैं।

4) हिमालय की चट्टान पर बर्फ होती है।

5) सह्याद्रि गिरि महाराष्ट्र में है।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| पर्वत<br>पहाड़<br>गिरि<br>चट्टान | पर जंगल होते है। |


______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**III) चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।(पहला, दूसरा, तीसरा, चौथा, पाँचवाँ)**




1) कौन से पर्वत पर ज्यादा पेड़ है ? ______________

2) कौन सा पहाड़ सबसे ऊँचा है ? ______________

3) कौन से गिरि पर हिरन है ? ______________

**IV) तालिका में से ''पहाड़'' शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उसपर गोल कीजिए।**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| प | गा | सि | गि | रि |
| हा | भू | च | टा | ल |
| ड | भ | प | ट्टा | स |
| का | र | धा | ता | न |
| स | प | र्व | त | न |

V) चित्र देखकर नीचे दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य लिखिए ।



1) पर्वत - ____________________

2) पहाड़- ____________________

3) चट्टान - ____________________

4) गिरी - ____________________

## पुनरावलोकन

I) **निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर पानी, पर्वत, हवा, बारिश, फूल इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़िए। उन पर गोल कीजिए।**

वर्षा का मौसम था। पहाड़ो से ठंडा-ठंडा पवन चल रहा था। आकाश में काले बादल थे। वायु के झोंके से पुष्प, पौधे, पेंड़ हिल रहे थे। इतने में जोर से बरसात होने लगी। चट्टानों से जल बहने लगा। थोड़ी ही देर में बरखा से सब जगह उदक भर गया। जोर की हवा चलने से पेड़ के पत्ते, सुमन इधर-उधर बिखर गये। ऐसी बारिश में बच्चे भीग रहे थे, तालाब के तोय में कागज की नाव छोड़ रहे थे।

II) **निम्नलिखित तालिका में से पानी, पर्वत, हवा, बारिश, फूल के पर्यायवाची शब्द**

**ढूँढ़िए और उसपर गोल कीजिए।**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तो | य | मा | त | क | अ | नि | ल | म |
| स | र | बा | रि | श | न | सी | ता | श |
| ग | म | ता | य | खा | उ | द | क | गा |
| ज | ती | नी | र | रा | सु | ह | वा | ता |
| ल | फू | ब | गो | पु | ष्प | मा | यू | जी |
| मि | ला | पी | प | को | कु | पा | नी | व |

III) **योग्य शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरिए।**
(बरखा, पुष्प, जल, वायु, पर्वत, बारिश, नीर)

1) नदी में ______________ बहता है।

2) ______________ का हार बनाते है।

3) साँस अंदर लेते वक्त नाक से ______________ अंदर जाती है।

4) रिमझिम ______________ में भीगना अच्छा लगता है।

5) हिमालय एक बड़ा ऊँचा ______________ है।

6) गर्मी में ठंडे ______________ से राजू नहाता है।

7) ______________ में रीना रेनकोट पहनती है।

IV) **निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए और उस पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।**

1. बारीश - ____________

2. पर्वत - ____________

3. पानी - ____________

4. हवा - ____________

5. फूल - ____________

# पाठ 6 माँ

जननी



माँ

माता

हम माँ को माँ, अम्मी, मम्मी, अम्मा, माताजी, कहकर पुकारते हैं। जननी का मतलब भी माँ होता है। जननी ये शब्द कविता में आता है। धरती माँ को भी जननी कहते हैं। जैसेः माता, जननी यह माँ शब्द के पर्यायवाची शब्द है। माँ खाना पकाती है। बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान देती है।

* * * *

**I) माँ शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़िए और गोल कीजिए।**

1) सुरेश की जननी खाना बना रही है।

2) टिना की माता ने नये कपड़े खरीदे।

3) शिवाजी महाराज की माताजी का नाम जीजाबाई था।

4) गोपाल की जननी बाजार गई थी।

5) अहमद की माँ ने खीर बनाई।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए ।**

| | |
|---|---|
| माँ<br>माता<br>जननी<br>माताजी | बच्चों को पढ़ा रही है । |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**III) रिक्त स्थानों में सही शब्द लिखिए।(माँ, जननी, माता, माताजी )**

1) सीता अपने __________ के साथ बाजार गयी।

2) धरती को ________ भी कहते है।

3) फातिमा की _________ ने खिलौने खरीदे।

4) रीटा की __________ ने लड्डू बनाये।

5) सुरेश की ________ घर साफ कर रही है

**IV) चित्र देखिए और दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए ।**



1) माँ ____________________

2) जननी ____________________

3) माता ____________________

# पाठ 7 पुरुष




सजीवों में दो लिंग होते है, जैसे पुल्लिग - स्त्रीलिंग। पशुओं में इसी लिंग को नर-मादा कहते हैं जैसे नर-शेर, मादा -शेरनी। मनुष्यों में नर को पुरुष और मादा को स्त्री कहते हैं।

यहाँ हम नर याने पुरुष के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। पापा, चाचा, मामा, भाई, दोस्त आदि सब पुरुष वर्ग के हैं। पुरुष शर्ट, पँट, धोती पहनते है। पुरुष स्त्रियों से अधिक शक्तिमान होते हैं। छत्रपती शिवाजी महाराज, महात्मा गांधी, सुभाषचंद्र बोस, स्वामी विवेकानंद यह महान पुरुष हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "पुरुष" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढकर गोल कीजिए । जैसे:सभी नर खेल रहे थे ।**

1. सभा में 200 नर थे ।


2. सभी आदमी काम करते हैं ।

3. आदमी पेड़ काट रहा था ।

4. नाटक में सिर्फ आदमियों ने काम किया था ।

5. हमारी सेना में अधिकतर नर सैनिक होते हैं।

**II) चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**



1) चित्र में कितने पुरुष खड़े है? ________

2) कितने आदमियों ने टोपी पहनी है? ________

3) कितने नर बैठे हैं ? ____________

**III) दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।**

1) नर ____________________________

2) आदमी ____________________________

3) पुरूष ____________________________

**IV) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) चार नर जानवरों के नाम लिखिए।

2) आदमी कौन-कौन से काम करते हैं ?

3) चित्र में पुरूष क्या कर रहें है?

# पाठ 8 स्त्री

नारी



औरत

महिला

यहाँ हम नारी याने स्त्री के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। पशु-प्राणियों में स्त्री वर्ग के लिए मादा शब्द का प्रयोग किया जाता है। जैसे मादा-मेंढक, मादा-भालू, मादा-कौआ। स्त्री साड़ी, सलवार-कमीज, फ्रॉक यह पोशाक पहनती है। स्त्री घरमें काम करती है और ऑफिस जा कर भी काम करती है। झाँसी की रानी, इंदिरा गांधी और मदर तेरेसायह महान नारियाँ हैं।

नारी, महिला, औरत यह स्त्री के पर्यायवाची शब्द है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से ''स्त्री'' शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: बहुतसी महिलाएँ बगीचे में बैठी थी ।**

1. झाँसीकी रानी वीर नारी थी।
2. भारत की पहली महिला प्रधान मंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी थी ।
3. एक औरत पूरा घर सँभालती है ।
4. एक नारी गाना गा रही थी ।
5. महिलाओं ने दौड़ने की प्रतियोगिता में भाग लिया था।

**II) चित्र देखकर प्रश्न के उत्तर लिखिए।**



1) चित्र में कितनी औरतें है ? __________


2) कितनी महिलाओं ने लाल साड़ी पहनी हैं ?__________

3) कितनी स्त्रियों ने गजरा पहना है? __________


4) कितनी नारियों के बाल लम्बे हैं?__________

5) कितनी औरतें बैठी हैं ? __________

II) **महिला, औरत, नारी, स्त्री, ये शब्द योग्य जगह पर लिखकर तालिका पूरी कीजिए।**




III) **निम्नलिखित प्रश्नों केउत्तर लिखिए।**



1) औरत कौन-कौन से कपड़े पहनती है?

______________________________

2) महिला घर में कौन-कौन से काम करती है?

______________________________

3) नारियों के नाम लिखिए ।

______________________________

4) चार मादा पशुओं के नाम लिखिए।

______________________________

IV) निम्नलिखित पर्यायवाची शब्दोंका प्रयोग करके वाक्य लिखिए।

1) नारी : ____________________

2) महिला : ____________________

3) औरत : ____________________

4) स्त्री : ____________________

*****************************

# पाठ 9 सहेली



सखी

मीना और टीना दोनों सहेलियाँ हैं। दोनों साथ-साथ स्कूल जाती हैं। साथ-साथ खेलती, घूमती, पढ़ती हैं। एक दूसरे की मदद करती हैं।

**सखी** "सहेली" का पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) रेखांकित शब्द का पर्यायवाची शब्द लिखकर वाक्य फिर से लिखिए।**

1) गीता नीता की <u>सहेली</u> है।

_______________________________________________

2) लता अपने <u>सखी</u> के घर जा रही है।

_______________________________________________

3) कविता की <u>सहेली</u> उसी के उम्र की है।

_______________________________________________

4) मीना टीना की <u>सखी</u> है।

_______________________________________________

5) राहुल की <u>सहेली</u> नीता है।

_______________________________________________

## II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| मीता मेरी | सहेली<br>सखी | है। |

______________________________

______________________________

## III) प्रश्न पढ़कर उत्तर लिखिए।

1) तुम्हारी सहेली का नाम क्या है? ______________

2) तुम्हारी सखी कहाँ रहती है? ______________

3) तुम्हारी कितनी सहेलियाँ हैं? ______________

## IV) चित्र देखिए और दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।




1) सहेली : ______________

2) सखी : ______________

# पाठ 10 मित्र

## मित्र

दोस्त



साथी

## सखा

मोहन और गोपाल दोनो मित्र है। दोनों एकसाथ स्कूल में जाते है। एक ही कक्षा में पढ़ते हैं। साथ-साथ खेलते, घूमते, खाते है। एक दूसरे की मदद करते है।

"मित्र" शब्द के **साथी, सखा, दोस्त** ये पर्यायवाची शब्द है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "मित्र" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढकर गोल कीजिए। जैसे: सुदामा कृष्ण का (सखा) था।**

1) मेरा दोस्त गाँव गया है।

2) राहुल राजू का सखा है।

3) राम और श्याम दोनों साथी है।

4) मैं अपने साथी को ढूँढ रहा हूँ।

5) नीता का दोस्त राहुल है।

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| गोपाल मेरा | मित्र<br>दोस्त<br>सखा<br>साथी | है। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

III) **प्रश्न पढ़कर उत्तर लिखिए। ।**

1) तुम्हारा दोस्त कहाँ रहता है? ______________

2) तुम्हारे कितने साथी है ? ______________


3) अपने मित्र का नाम बताइए । ______________

4) तुम्हारा सखा कहां रहता है ?______________

IV) **निम्नलिखित तालिका में दिए मित्र के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उसपर गोल कीजिए।**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| म | व | ना | दो | द | द |
| न | सा | त | स्त | म | त |
| ष | थी | रो | मि | क | त |
| त | स | स | सि | त्र | ता |
| त | ना | म | स | खा | र |

V) चित्र देखिए और दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।



1) मित्र ______________________________

2) साथी ______________________________

3) दोस्त ______________________________

4) सखा ______________________________

## पुनरावलोकन

**I) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर पुरूष, स्त्री, मित्र, सहेली, माँ इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़िए। उन पर गोल कीजिए।**

आज राहुल के स्कूल में परीक्षा का फल निकलने वाला था। इसलिए उसके 3 साथी उसके घर आये। राहुल की माता बीमार थी। उसके घर में कोई और बुजुर्ग आदमी न होने के कारण वह अपने दोस्तों के साथ स्कूल गया। स्कूल में महिलाएँ और पुरूषों की भीड़ थी। नर और नारियों के लिए अलग अलग बैठने का इंतजाम किया था। नीता अपनी सखी कुसुम की प्रतीक्षा कर रही थी। तो राहुल का सखा राजू उसे ढूँढ़ रहा था। इतने में शिक्षकों ने अपनी कक्षा के बच्चों को रिजल्ट दे दिए। राहुल की माता राहुल का रिजल्ट देखकर खुश हो गयी।

**II) निम्नलिखित तालिका में से पुरूष, स्त्री, मित्र, सहेली, माँ, के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़िए और उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | म्मा | क | औ | ख | स | न | र | गा |
| म्मी | घ | स | र | त | हे | स | खी | ता |
| ती | ति | ना | त | जा | ली | ति | तु | पु |
| सा | थी | ता | जा | ज | खि | मि | त्र | रू |
| दि | म | य | ब | र | न | म | र | ष |
| ना | री | क | म | म्मी | आ | नी | तु | तू |
| र | हा | ब | दो | स्त्र | जा | स | खा | स्त्री |
| अ | द | मी | यी | म | हि | ला | आ | माँ |

**III) योग्य शब्द लिखकर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें।**
**(मित्र, सखी, औरत, माँ, पुरुष)**

1) सलमा की ____________ ने खीर बनाई।

2) ____________ ने अच्छी साड़ी पहनी है।

3) रवि का अच्छा ____________ राहुल है।

4) हेमा की ____________ रीटा आज बीमार है।

5) एक गाँव में एक हजार ____________ और स्त्री रहते थे।

**IV) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए और उस पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।**

1) माँ - ________________________________

2) पुरूष - ________________________________


3) स्त्री - ________________________________

4) सहेली - ________________________________

5) मित्र - ________________________________

# पाठ 11 घर

गृह



भवन

निवास      बंगला

मनुष्य हवा, बारिश, गर्मी मौसम से बचने के लिए घर में रहते हैं। इमारत, झोपड़ी, बंगला, भवन इत्यादि घर के प्रकार है। घर सिमेंट, लकड़ियाँ, इटों और पत्थरों से बनता है। जैसे मनुष्य घर में रहते हैं, उसी तरह पंछी पेड़ पर घोंसला बनाकर रहते हैं। जानवर गुफा और बिल में रहते हैं।

**गृह, निवास, भवन, बंगला** ये घर के पर्यायवाची शब्द है।

* * * *

**I) वाक्यो में घर शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढकर उस पर गोल कीजिए।**
**जैसे : गीता का निवास बहुत सुंदर हैं ।**

1. सीमा का गृह बहुत बड़ा है।
2. इस ऊँची इमारत में राम रहता है ।
3. मेरी स्कूल का भवन बहुत विशाल है ।
4. राम के गृह में आज मेहमान आये है ।
5. मीना की झोपड़ी नदी के किनारे है ।

II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| राम का | निवास<br>घर<br>गृह<br>भवन<br>बंगला | बड़ा है। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

III) नीचे दिए वाक्य पढ़कर उत्तर लिखिए ।

1) चिड़िया घोसले में रहती है ।
   चिड़िया का घर __________ होता है।


2) खरगोश बिल में रहता है ।
   खरगोश का निवास' __________ है।

3) राजा महल में रहता था ।
   राजा का निवास __________ था।

4) राहुल के बंगले में एक झूला है ।
   राहुल का निवास __________ है।

5) साधू अपनी कुटिया में सो रहे थे ।
   साधू का निवास __________ है।

**IV) 'घर' शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखिए।**




**V) चित्र देखिए और दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।**



1) घर ______________________
______________________

2) गृह ______________________
______________________

3) निवास ______________________
______________________

**VI) घर का चित्र बनाकर उसमें रंग भरिए।**

# पाठ 12 बाग

उद्यान

वाटिका



बगीचा

उपवन

बाग में बहुत सारे फूलों के पौधे, पेड़, घास के मैदान और फूलों की क्यारी होती है। बच्चों को खेलने के लिए बड़ी जगह, झूला, बैठने के लिए बेंच होते हैं। लोग अच्छी सेहत के लिए बाग में घूमने जाते हैं।

"बाग" शब्द के **बगीचा, उपवन, उद्यान, वाटिका** ये पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "बाग" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए। जैसे: साधू उपवन में तप कर रहे हैं।**

1) बच्चे बगीचे में खेल रहे हैं।

2) बच्चे उद्यान में खेल रहे हैं।

3) शीला पुष्प वाटिका में बैठी थी।

4) उपवन में बहुत से फव्वारे लगाये हैं।

5) लोग उद्यान में घूमने जाते हैं।

## II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | |
|---|---|
| बाग<br>बगीचे<br>उपवन<br>उद्यान<br>वाटिका | में बच्चे खेल रहे हैं। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________


## III) पहले वाक्य को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1) सीता अशोक वाटिका में बैठी थी ।
वाटिका का मतलब ______________ है ।


2) उपवन में फव्वारा है ।
बगीचें में क्या है? ______________

3) राहुल किशोर उद्यान गया था ।
राहुल कौन से बाग में गया था? ______________

IV) बाग शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखकर तालिका पूर्ण कीजिए।




V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।



1) बाग - ____________________

2) बगीचा - ____________________

3) वाटिका - ____________________

4) उद्यान - ____________________

# पाठ 13 राजा

भूप

नृप



भूपाल

नरेश

राजा महल में रहते हैं। प्रजा की देखभाल करना राजा का काम होता है। प्रजा के संकट दूर करना, प्रजा की परेशानी दूर करना राजा का काम है।

**भूप, नृप, नरेश, भूपाल** ये राजा शब्द के पर्यायवाची शब्द है।

1) **निम्नलिखित वाक्यों में से "राजा" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूंढ़कर उस पर गोल कीजिए। जैसे: अकबर एक बड़ा नरेश था।**

1) पांडूनगर के भूप लड़ाई में हार गये।

2) अयोध्या नरेश बीमार थे।

3) अयोध्या के भूपाल राम थे।

4) सभी नृप सिंहासन पर बैठे थे।

5) शिवाजी महाराज महाराष्ट्र के भूप थे।

## II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| सभी | भूप<br>राजा<br>नृप<br>भूपाल<br>नरेश | मुकुट पहनते हैं । |

## III) नीचे दिए वाक्य पढ़कर उत्तर लिखिए।



1) चित्र में कितने नरेश हैं ?

2) आपकी किताब मे आने वाले 3 नृप के नाम लिखिए।


3) धृतराष्ट्र किस राज्य के नरेश थे?

4) बीरबल किस भूपाल के राज दरबार में थे?

IV) राजा शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| भू | क | दि | मि |
| प | जा | भू | ल |
| न | क | पा | नृ |
| इ | रे | ल | प |
| म | ज | श | ल |

V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।






1) राजा ______________________________

2) नृप ______________________________

# पाठ 14 शिक्षक

प्राध्यापक



अध्यापक

गुरूजी

मास्टरजी

सर

हम पाठशाला में हमारे शिक्षक को गुरुजी, मास्टरजी, सर कहकर पुकारते हैं। जो ज्ञान देते हैं, पढ़ाते हैं वो शिक्षक होते है। 5 सितंबर को शिक्षक दिन मनाया जाता है।

**गुरू, गुरूजी, अध्यापक** ये सब शिक्षक के पर्यायवाची शब्द है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "शिक्षक" के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: मास्टरजी पत्रलेखन सीखा रहे हैं।**

1) द्रोणाचार्य अर्जुन के गुरू थे।

2) बच्चे गुरुजी का आदर करते हैं।

3) अध्यापक के आते ही सारे बच्चे चुप हो कर खड़े हो गये।

4) गुरूजी गणित पढ़ा रहे थे।

5) आज टीचर ने अच्छी कहानी सुनाई ।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| शिक्षक<br>गुरु जी<br>अध्यापक<br>मास्टर जी | स्कूलों में पढ़ाते हैं। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

**III) प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) तुम अपने गुरु को क्या कहकर बुलाते हो ? ______________

2) तुम्हारे मास्टर जी का नाम क्या है ? ______________

3) तुम्हारे स्कूल में कितने सर हैं ? ______________


4) तुम्हें गणित कौन से शिक्षक पढ़ाते हैं ? ______________

5) तुम्हारे चित्रकला के शिक्षक का क्या नाम है? ______________

**IV) शिक्षक शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढकर उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | शि | ति | मि | ला | टा | क |
| टी | ता | क्ष | अ | ता | प | अ |
| च | इ | म | क | ध्या | न | ब |
| र | चि | र | प्रा | अ | प | त |
| पी | ता | गु | रु | स | त | क |

V) चित्र देखकर शब्दों का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।





1) गुरूजी _ ____________________

2) शिक्षक _ ____________________

3) मास्टरजी _ ____________________

4) सर _ ____________________

# पाठ 15 नमस्कार




हम शिक्षक के कक्षा में आते ही नमस्ते करते हैं। जब हम किसी को मिलते है, तब हम नमस्कार करते हैं। हमसे उम्र में बड़े लोगों को हम झुककर प्रणाम करते हैं। हम भगवान को साष्टांग नमस्कार करते हैं। जिनका हम आदर करते हैं उन्हें हमें प्रणाम करना चाहिए। 15 अगस्त को हम झंडे को वंदन करते हैं।

**प्रणाम, अभिवादन, नमन, वंदन** ये सब नमस्कार शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से ''नमस्कार'' शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे - नीता ने दादी को झुककर प्रणाम किया।**

1. सब बच्चों ने उठ कर कहा, "नमस्ते मास्टरजी।"
2. मेहमानों को अभिवादन करने के बाद राम ने भाषण शुरू किया।
3. 15 अगस्त को हम झंडे को बन्दन करते हैं।
4. परिचित व्यक्ति को प्रणाम करना अच्छी आदत है।
5. मैं भगवान को नमन करता हूँ।

II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| राहुल ने अपने चाचाजी को | प्रणाम<br>नमस्ते<br>नमस्कार<br>अभिवादन | किया। |

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

III) प्रश्नों का उत्तर लिखिए। उचित शब्द लिखकर वाक्य पूरा कीजिए।

1) तुम अपने गुरुजी का अभिवादन कैसे करते हो?________________

2) बच्चों को अपने माँ-पिताजी को कैसे प्रणाम करना चाहिए? __________

3) मेहमानों का स्वागत तुम कैसे करते हो?______________________

4) बहुत दिनों बाद आयी मौसी को देखकर सीमा ने कहा "______" मौसीजी।

5) लहराते हुए झंडे को सबने ____________ किया।

IV) तालिका में दिए नमस्ते शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रा | ज | व | न्द | न | व | प्र |
| न | म | स्का | र | म | प्र | व |
| अ | भि | वा | द | न | णा | न |
| र | क | द | भि | ख | म | रू |

V) चित्र देखकर शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।





1) नमस्कार - ____________________

2) प्रणाम - ____________________

3) वंदन - ____________________

## पुनरावलोकन

**I) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर घर, बाग, राजा, शिक्षक, नमस्कार इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

रजू सुबह जल्दी ऊठकर भगवान को नमन करता है। स्कूल में श्री वर्मा उसके शिक्षक है। राजू कक्षा में आते ही गुरुजी को नमस्कार करता है। स्कूल के पास एक उद्यान है। जहाँ सब बच्चे खेलने के लिए जाते हैं। राजू भी पढ़ाई के बाद बगीचे में अपने दोस्तों के साथ खूब खेलता है। स्कूल से छूटने के बाद शाम को राजू अपने निवास जाता है। घर जाने पर राजू खाना खाता है। रात में दादी राजू को वीर नरेशों की कहानियाँ सुनाती हैं।

**II) सही पर्याय लिखकर वाक्य पूरा कीजिए। (झोपड़ी, प्रणाम, उद्यान, नरेश, महल, शिक्षक, कुटिया)**

1) राजा ____________ में रहते थे।

2) राम अयोध्या के____________ थे।

3) हम भगवान को झुककर____________ करते है।

4) बच्चे____________ में खेलते हैं।

5) किसान____________ में रहता है।

6) स्कूल में गुप्ताजी बच्चों को पढ़ाते हैं, गुप्ताजी एक ____________ है।

7) साधू____________ में रहता है।


III) निम्नलिखित तालिका में से घर, बाग, राजा, शिक्षक, नमस्कार के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | रा | जा | ऊ | आ | इ | की | शि | गु |
| अ | ध्या | प | क | ध | मा | र | क्ष | रु |
| व | न्द | न | म | न | र | स | क | उ |
| बा | ग | रे | उ | इ | त | द | द्या | प |
| रा | ती | श | रे | भ | व | न | ई | व |
| का | ब | आ | नृ | प | अं | ओ | न | न |
| भू | प्र | गी | के | न | भू | प | म | नी |
| पा | पा | कु | चा | म | ब | ते | स्का | म |
| ल | म | गृ | रे | स्ते | ग | पा | र | ह |
| री | मी | ह | ला | ता | ला | रे | या | ल |

# पाठ 16 आसमान

आकाश

गगन



अंबर

नभ

आसमान नीले रंग का होता है। पंछी आसमान में उड़ते हैं। दिन में आसमान में सूरज होता है। रात को आसमान में चाँद तारे दिखाई देते हैं। बारिश में आसमान में काले बादल दिखते हैं। नभ और धरती जहाँ मिलते है उसे क्षितिज कहते हैं।

**आकाश, गगन, अंबर, नभ** ये सब आसमान शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

****

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "आसमान" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर**

**गोल कीजिए। जैसे - रवि आकाश में चाँद -तारे देखता रहा।**

1) गगन में बहुत सी पतंगे उड़ रही थी।

2) अंबर पर इंद्रधनुष सुंदर दिख रहा है।

3) मुंबई में आसमान को छूनेवाली ऊँची इमारतें हैं।

4) आकाश में काले बादल देखकर किसान खुश हुआ।

5) मीना नभ में उड़ रहे पंछी को देख रही थी।

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| पंछी | आकाश<br>अंबर<br>नभ<br>गगन<br>आसमान | में उड़ते हैं। |

III) **वाक्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) दिन में आसमान में तुम्हें क्या दिखाई देता है।

2) रात में नभ में तुम्हें क्या दिखाई देता है।

3) हेलिकॉप्टर कहाँ उड़ता है।


4) अंबर में शाम को कौन-कौन से रंग दिखाई देते है।

5) गगन और धरती कहाँ मिलते हैं?

**IV) तालिका में दिए "सुबह" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ता | म | क | ग | ता | म |
| ता | त | र | सा | ग | र | न |
| र | अ | स | मा | न | प | भ |
| स | का | अ | त्र | र | ध | न |
| र | श | अं | ब | र | न | त |

**V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।**



1) गगन : ______________________

2) आसमान : ______________________

3) नभ : ______________________

4) अंबर : ______________________

# पाठ 17 धरती




हम सब धरती पर रहते हैं। धरती पर पहाड़, नदी, समुद्र पेड़ है। जमीन पर मनुष्य, प्राणी, पक्षी रहते हैं। धरती एक ग्रह है।

**पृथ्वी, वसुंधरा, जमीन, भूमि, धरणी** ये सब धरती शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं। वसुधा, वसुंधरा ये शब्द ज्यादातर कविता में आते हैं। वसुधा, वसुंधरा, भूमि और धरणी लड़कियों के नाम भी होते हैं।

**1) निम्नलिखित वाक्यों में से "धरती" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए। जैसे : पृथ्वी एक ग्रह है।**

1) सजीव पृथ्वी पर रहते हैं।

2) भूकंप से सारी धरणी हिलने लगी।

3) कुआँ बनाने के लिए जमीन खोदनी पड़ती है।

4) राहुल ने घर का भूमि पूजन किया।

5) वर्षा ऋतु के आते ही वसुधा हरी भरी हो गई।

## II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| सब सजीव | भूमि<br>धरणी<br>पृथ्वी | पर रहते हैं। |

## III) तालिका में दिए "धरती" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | ध | र | ती | व | सु | व | सु | धा |
| क | र | सि | सी | ब | टा | सु | सि | मि |
| ना | णी | ना | टा | खा | मा | न्ध | भू | धा |
| बि | क | री | पृ | का | रा | रा | मि | सा |
| री | मी | म | प | थ्वी | सि | कि | ड | री |
| जु | ज | मी | न | नि | ना | ता | तो | टी |

## IV) दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।

1) जमीन : __________

2) धरती : __________


3) वसुधा : __________

4) भूमि : __________

# पाठ 18 रात

रात

रजनी



रात्रि

रैन

निशा

शाम ढलने के बाद अँधेरा होता है। उसे हम रात कहते हैं। रात को आसमान में चाँद, सितारें झिलमिलाते हुए दिखाई देते हैं। रात को सब सो जाते हैं।

"रात" शब्द के **रजनी, रैन, निशा, रात्रि** यह पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "रात" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।**

**जैसे: रवि बीमार था इसलिए माँ पूरी (रैन) जागती रही।**

1) हमारी गाड़ी कल रात को मुंबई से निकली।

2) शुभ रात्रि कहकर नीता सो गई।

3) निशा के बाद भोर होती है।

4) परीक्षा के लिए रवि सारी रैन पढ़ता रहा।

5) कल रात्रि को राहुल ने डरावना सपना देखा।

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| रात<br>निशा<br>रैन<br>रात्रि | को हम सोते है। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

III) **वाक्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. सोते वक्त माँ ने सबको शुभ रात्रि कहा।

   सोते वक्त क्या कहते है ? ______________________

2. बीमारी के कारण नीता सारी रैन सो न सकी ।

   नीता कब सो न सकी ? ______________________

3. रजनी मेरी सहेली का नाम है

   यहाँ रजनी मतलब ____________ होता है।

4. मीना रात्रि की गाड़ी से पूना गई ।

   मीना कब पूना गयी ? ______________________


5. कल सारी रैन संगीत सभा चल रही थी ।

   संगीत सभा कब तक चली? ______________________

IV) तालिका में दिन ''रात'' शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| नि | शा | न्त |
| रा | रा | त्रि |
| रै | त | स |
| ल | न | क |

V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए ।



1) रैन : ____________________

2) रात : ____________________

3) निशा : ____________________

# पाठ 19 चाँद

चाँद

शशि



चंद्र

चंद्रमा

चाँद एक उपग्रह है। रात को आसमान में हमें चंद्र, तारे दिखाई देते हैं। पूनम को पूरा चाँद दिखाई देता है। अमावस को आसमान में चाँद नजर नही आता।

**चंद्र, चंद्रमा, चंदा, शशि** ये चाँद शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "चाँद" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: आसमान में आज आधा चंद्र है।**

1) ईद का चाँद सुंदर दिखता है।

2) पूनम की रात पूरा शशि होता है।

3) चंद्रमा की रोशनी को चाँदनी कहते हैं।

4) सूरज अस्त होने पर शशि का उदय होता है।

5) अमावस की रात को चंद्र नहीं दिखता।

**II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| कल रात को आसमान में<br>पूरा | चंद्र<br>चाँद<br>चंद्रमा<br>चंदा<br>शशि | था। |

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

**III) प्रश्न पढकर सही उत्तर लिखिए।**


1) पूनम की रात चंद्र कैसा होता है ? ____________________

2) पूनम की रात को चंद्रमा का आकार कैसा होता है ? __________


3) रात को आसमान में तारों के साथ क्या दिखाई देता है? __________

4) शशि किस रात नहीं दिखता ? ____________________

**IV) उचित अक्षर लिखकर रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**



V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।



1) चंदा : ____________________

2) चंद्र : ____________________


3) चाँद : ____________________

4) शशि : ____________________

# पाठ 20 सुबह

भोर

प्रभात



प्रात:

सबेरा

जब सूरज उगता है, तब सुबह होती है। सुबह होते ही सब उठ जाते हैं। और काम पर लग जाते हैं। पंछी घेसलों से निकल कर उड़ने लगते हैं।

"सुबह" शब्द के **भोर, प्रातः सबेरा, प्रभात** ये पर्यायवाची शब्द हैं।

I) **निम्नलिखित वाक्यों में से "सुबह" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: (भोर) होने पर चारो ओर सूर्य की किरणे फैल गयी।**

1) मैं सबेरे जल्दी उठता हूँ।

2) प्रभात होते कोयल की कूहू कूहू शुरू हो गयी।

3) भोर होते ही चिड़िया की चहचहाट से बाबूजी उठ गये।

4) सबेरे वाली गाड़ी से मास्टरजी चले गये।

5) प्रातः जल्दी उठना अच्छी आदत है।

6) प्रभात होते ही सब काम पर लग गए।

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | | |
|---|---|---|
| राहुल | सबेरे<br>सुबह<br>प्रातः<br>भोर | को कसरत करता है। |

III) **वाक्य पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) बच्चों ने मास्टर जी को "सुप्रभात" कहा। सुप्रभात कब कहते है?

______________________________

2) तुम सबेरे कितने बजे उठते हो?

______________________________

3) आसमान में कब प्रकाश होता है?

______________________________


4) तुम प्रातः कितने बजे नहाते हो?

______________________________

**IV) तालिका में दिए "सुबह" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क | ओ | प्र | भा | त | सा | भो |
| वि | ता | म | र | स | त | र |
| ह | हा | ही | स | बे | ओ | त |
| र | वि | न | न | रा | ऊ | जे |
| ब | सु | ब | ह | रा | क | रा |
| रा | क | उ | ट | म | प्रा | तः |
| | | | | | | |

**V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।**



1) भोर : ____________________

2) सबेरा : ____________________

3) प्रात : ____________________

# पुनरावलोकन

**I) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर आसमान, धरती, रात, चाँद, सुबह इन शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

परीक्षा खत्म हुई। राहुल अपने दोस्तों के साथ समुद्र किनारे गया। समुद्र किनारे जमीन पर बालू थी। वहाँ सब बैठ गये। धीरे-धीरे रात होने लगी। रैन होते ही अंबर में चंद्र, तारे निकल आये। चंद्रमा की रोशनी फैल गयी। सारी निशा तक सब मित्र बाते करते रहे। सूरज धीरे-धीरे निकलने लगा। सूरज की लाली आसमान में फैल गयी। चिड़ियों की चहचहाट से भोर हुई, यह मित्रों को पता चला और वे घर वापस चले गये।

**II. निम्नलिखित तालिका में से सुबह, रात, आकाश, धरती, चाँद के पर्यायवाची शब्द ढूंढ़कर गोल कीजिए।**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सु | अ | ता | आ | व | रा | त | आ | आ | का | श |
| ब | अं | व | वी | सु | धा | मा | न | स | ता | स |
| ह | ब | च | य | न्ध | न | श | शि | मा | तु | ऊ |
| यी | र | ता | मा. | रा | स | ग | ग | न | ग | भो |
| रा | त्र | ज | मी | न | त | बे | स | व | त | र |
| त्रि | रा | क | ध | चं | द्र | मा | रा | चं | द्र | त |
| चि | ति | ख | र | नि | शा | चाँ | द | प्रा | तः | आ |
| सि | मि | ग | ति | जा | तू | जु | मि | री | ता | का |
| खी | ता | द | जि | र | ज | नी | जा | मा | म | श |

## III) दिए हुए शब्द योग्य जगह भरकर वाक्य पूरा कीजिए।

(रात्रि, चाँद, भोर, धरती, गगन, चंद्रमा, आकाश)

1) रवि ने देखा नीले ____________ में बहुत सी पतंगे उड़ रही थी।

2) ____________ होने पर सूरज निकलता है।

3) हम ____________ पर रहते है।

4) पूनम की रात को पूरा ____________ होता है।

5) ____________ में पंछी उड़ते हैं।

6) रात्रि ____________ का प्रकाश चारो ओर फैलता है।

7) अमावस की ____________ को चाँद दिखाई नहीं देता।

## IV) निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करके वाक्य बनाइए।

1) नभ : ____________________________________________

2) निशा : ____________________________________________

3) अंबर : ____________________________________________


4) प्रातः : ____________________________________________

5) शशि : ____________________________________________

6) धरती : ____________________________________________

# पाठ 21 पंछी

पक्षी



परिन्दा

विहंग

पंछी आसमान में उड़ते हैं। पंछियो के पंख, चोंच होती है। पंछी दाना चुगते हैं, फल खाते हैं। कौआ, चिड़िया, कबूतर, तोता, कोयल, बतख, बगुला, मुर्गा, मोर ये सब अलग- अलग पंछी हैं। मुर्गा, मोर, बतख आसमान में अधिक ऊँचे नहीं उड़ सकते। चिड़िया, कबूतर, कौआ, तोता, गरुड़ ये आकाश में बहुत ऊँचे उड़ते हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "पंछी" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए। जैसे: कौआ एक विहंग है।**

1) आसमान में पक्षी उड़ रहे थे।

2) शिकारी ने पक्षीं को पिंजड़े में रखा था।

3) पेड़ पर एक परिंदा बैठा था।

4) तोता एक विहग है।

5) परिंदा फल खाता है।

## II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | |
|---|---|
| पंछी<br>विहंग<br>परिंदे<br>पक्षी | आसमान में उड़ते हैं।<br>घोसलों में रहते हैं। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

## III) प्रश्न पढ़कर सही उत्तर लिखिए।




1) तुम्हें कौन सा पक्षी पसंद है ? ______________________________

2) आसमान में कितने विहंग उड़ रहे हैं ? ______________________________

3) दो पंछियों के नाम लिखो ? ______________________________

4) घोसलों में कौन रहते है ? ______________________________

IV) चित्र को पूर्ण करके उसमें रंग भरिए। इस विहंग का नाम लिखिए।



V) अ) दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।

1) पंछी : ____________________

2) परिंदा : ____________________

3) विहंग : ____________________

ब) पंक्तियों को पढ़कर उत्तर लिखिए।

1) रंग है मेरा हरा-हरा

चोच है मेरी लाल-लाल

अमरुद मिरची खाता हूँ

मै कौन सा परिंदा हूँ? ........................

2) काला है रंग मेरा


काँव काँव है आवाज

खाता हूँ मैं मच्छी

मैं कौनसा हूँ पंछी? ........................

# पाठ 22 शरीर

बदन काया



देह तन

हमारे शरीर के कुछ अवयव है, जैसे सिर, आँख, कान, नाक, हाथ, पैर। हम इन अवयवों से सूँघना, सुनना, देखना, काम करना, चलना ऐसे अलग काम करते हैं। इसलिए हमें अपने शरीर की स्वच्छता और सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

"शरीर" शब्द के **देह, बदन, तन, काया** ये पर्यायवाची शब्द हैं।

**1) निम्नलिखित वाक्यों में से "शरीर" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे - गर्मी में सारे तन पर पसीना आता है।**

1) लड़ते लड़ते सैनिक का देह जख्मी हो गया।

2) शरीर स्वस्थ रखने के लिये रोज कसरत करनी चाहिए।

3) तन पर जख्म होने से खून निकल आता है।


4) बहुत काम करने से माँ का बदन दर्द कर रहा था।

5) कौए की काया काले रंग की होती है।

II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| दुल्हन के | शरीर<br>देह<br>काया<br>बदन<br>तन | पर बहुत गहने थे। |

III) चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर लिखिए।



1) किसका शरीर सबसे बड़ा है ?

2) चूहे की काया कौन से रंग की है?

3) किस का देह सबसे छोटा है?

4) जिनका बदन काला है, ऐसे प्राणियों के नाम बताओ।

IV) "शरीर" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | | द | | ■ | त | | ■ |
| श | | | | | | | |
| | | | | | | | ह |
| | | | | | | या | ■ |

V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।



1) शरीर : ______________________________

2) देह : ______________________________

3) बदन : ______________________________

4) काया : ______________________________

# पाठ 23 सिर

मस्तक



माथा

शीश

हमारे शरीर के दो हिस्से होते है। एक है - सिर दूसरा है धड़। सिर हमारे शरीर का महत्त्वपूर्ण अंग है।

**माथा, मस्तक, शीश** ये सिर के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "सिर" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढकर गोल कीजिए। जैसे: रवि ने मंदिर में माथा टेककर आशिर्वाद लिया।**

1) बच्चों ने दादी जी को शीश झुकाकर प्रणाम किया।

2) दादा जी ने मस्तक पर ऐनक चढ़ाई थी।

3) आज मेरे मस्तक में बहुत दर्द है।

4) भैया के माथे पर चोट लगी है।

5) बेटी के दसवीं परीक्षा में अव्वल आने पर माँ का शीश गर्व से ऊँचा हुआ।

II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| भगवान के सामने | सिर<br>माथा<br>मस्तक<br>शीश | झुकाइए। |

______________________________

______________________________

______________________________

______________________________

III) प्रश्न पढ़कर सही उत्तर लिखिए।



1) राजा के मस्तक पर क्या है?

______________________________

2) औरत ने टोकरी कहाँ रखी है?

______________________________

3) बाबू जी के शीश पर क्या है?

______________________________

IV) दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।


1) माथा : ______________________________

2) शीश : ______________________________

3) मस्तक : ______________________________

*****************************

# पाठ 24 ओठ



ओष्ठ र

## ओठ

बच्चों के ओठ प्यारे होते हैं। बासुरी, शहनाई ओठों से बजाते हैं। सीटी भी ओठों से बजाते है। श्रवण बाधित बच्चे टीचर का ओष्ठवाचन करते हैं।

**अधर, औठ, औष्ठ** ये ओठ के पर्यायवाची शब्द हैं।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "ओठ" शब्द के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए। जैसे: नीता के अधर पर माँ का नाम था।**

1) साधू के ओष्ठ पर राम नाम था।

2) बच्चे ओष्ठवाचन कर रहे हैं।

3) नीता ओठों पर लिपिस्टिक लगा रही है।

4) छोटी गुड़िया के ओठ गुलाबी है।

5) राहुल के अधर प्यास से सूख गए थे।

II) नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।

| | | |
|---|---|---|
| कृष्ण के | अधरों पर<br>ओठों पर<br>ओष्ठ पर<br>ओठों पर | बासुरी है । |

III) प्रश्न पढ़ कर सही उत्तर लिखिए।




1) बासुरी बजाने के समय कहाँ रखतेहैं? ____________

2) छोटे बच्चों के अधर कैसे होते है? ____________

3) आदमी ने शहनाई कहाँ रखी है? ____________

IV) अधर का चित्र बनाइए और उसमें रंग भरिए।

V) ओठ शब्द के पर्यायवाची शब्द लिखकर रिक्त स्थान भरें और उन शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए।



# पाठ 25 आँख

नेत्र

नयन  लोचन

चक्षु

आँख एक इन्द्रिय है। जिससे हम सारी दुनिया की हर चीज को देख सकते हैं। आँखों का रंग काला, नीला, भूरा होता है। आँख हमारे शरीर का कोमल और महत्व पूर्ण अंग है।

आँख के पर्यायवाची शब्द **नयन, लोचन, नेत्र, चक्षु** है।

**I) निम्नलिखित वाक्यों में से "आँख" के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर गोल कीजिए।**

**जैसे: हम नेत्रों से देखते हैं।**

1) दादी माँ के नेत्र की जाँच करवाने हम डॉक्टर के पास गए।

2) हिरन के नेत्र सुंदर दिखते हैं।

3) सीमा ने चक्षुओं में काजल लगाया था।

4) रितिक के लोचन नीले हैं।

5) तुम्हारे नयनों में आँसू क्यों है?

II) **नीचे दी हुई तालिका की सहायता से वाक्य बनाइए।**

| | |
|---|---|
| आँख<br>नयन<br>चक्षु<br>लोचन<br>नेत्र | एक बहुत कोमल अंग है । |

I) **प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1) तुम्हारी आँखे कैसी हैं?

2) धूप से बचने के लिए नयनों पर क्या पहनते हैं?

3) हम किससे देखते हैं?


4) रोने पर लोचन से क्या आता है?

5) उल्लू के नेत्र कैसे होते हैं?

**IV) तालिका में दिए "आँख" के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| म | लो | च | न | ने | स | ने |
| इ | म | तु | य | आँ | अ | त्र |
| च | अ | म | न | ख | र | त |
| क | क्षु | स | र | ग | म | र |

**V) चित्र देखकर दिए हुए शब्दों से वाक्य बनाइए।**



1) आँख : ____________________

2) नेत्र : ____________________

3) नयन : ____________________

4) चक्षु : ____________________

# पुनरावलोकन

**I) निम्नलिखित परिच्छेद पढ़कर पक्षी, शरीर, सिर, ओठ, आँख शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

विज्ञान की क्लास चल रही थी,। 5 वीं कक्षा के बच्चों को गुप्ताजी आज हमारे बदन के बारे में बता रहे थे। गुप्ता जी ने बताया "बच्चों मनुष्य, प्राणी के तन के दो हिस्से होते है, एक धड़, दूसरा मस्तक। मनुष्य को शीश, ओष्ठ, नाक, कान, आँखे दो हाथ, दो पैर ऐसे अवयव होते हैं। प्राणियों के चार पैर होते हैं। पंछियों को एक सिर, दो पैर, छोटा सा तन, चोंच होती है।"

हमारी काया बहुत महत्वपूर्ण है, हमें तन का ख्याल रखना चाहिए, ऐसा गुरुजी ने बताया।

**II) निम्नलिखित तालिका में से पक्षी, शरीर, सिर, ओठ, आँख शब्दों के पर्यायवाची शब्द ढूँढ़कर उस पर गोल कीजिए।**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| र | अ | ध | र | शी | रा | सि |
| प | द | ओ | ठ | श | री | र |
| वि | ह | ग | त | न | मा | था |
| ब | ने | त्र | का | या | म | न |
| द | पं | प | रि | न्दा | स्त | य |
| न | गो | छी | हो | र | क | न |
| प | च | क्षु | ग | ठ | आँ | ख |
| सी | छी | ओ | ष्ठ | लो | च | न |

III) नीचे दिए हुए शब्द योग्य जगह भरकर वाक्य पूरा कीजिए।
(सिर, बदन, विहंग, ओष्ठ, आँखें)

1) मीना के ______________ से हँसते-हँसते पानी आ रहा था।

2) ______________ आसमान में पंख फैलाकर उड़ते हैं।

3) ______________ को साफ रखने के लिए रोज नहाना चाहिए।

4) कृष्ण के ______________ पर बासुरी होती है।

5) माँ के ______________ में दर्द है, इसलिए उसने बाम मँगाया।


IV) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए और उस पर्यायवाची शब्द का प्रयोग करके वाक्य लिखिए।


# आओ हिंदी सीखे

* रोचकता से हिंदी भाषा सिखाने के लिए आओ हिंदी सीखे पुस्तक मालिका 3 स्तरों पर उचित क्रम से (जैसे- सरलतम से कठिनतम) की गयी है।

* ये किताबें आकर्षक चित्रों से, मनोरंजक कहानियों से तथा पात्रों से परिपूर्ण हैं, जिससे बच्चा आसानी से एवम् सरलता से हिंदी भाषा सीख पाएगा।


* इसमें दी हुई गतिविधियाँ बच्चों को पढ़ाई हुई संकल्पना स्थिर और दृढ़ करने में प्रयत्न करती हैं।





**वर्ण संसार**

- वर्णमाला
- बारहखड़ी
- संयुक्ताक्षर






**शब्द संसार भाग -1**


- संज्ञा भाग -1
- संज्ञा भाग -2
- संज्ञा भाग -3
- संज्ञा भाग -4
- विलोम


**शब्द संसार भाग -2**

- शब्द एक अर्थ अनेक
- अर्थ एक शब्द अनेक
- विशेषण
- अनुप्रासक शब्द
- ऊनार्थक

**भाग -3**

- क्रिया
- क्रिया काल रूप
- प्रेरणार्थक क्रिया
- शब्द रूप परिवर्तन
- सर्वनाम





**वाक्य संसार**

- वाक्य-1 वाक्य के अवयव
- वाक्य-2 रचना के प्रकार
- वाक्य-3 अर्थ के प्रकार
- वाक्य-4 वाच्य के प्रकार
- वाचन और लेखन कौशल्य

* भाषिक वातावरण का निर्माण करके बच्चों में पढ़ने की इच्छा बढ़ाती है।